दिन—मंगलवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 27 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 05 मिनट

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा के मनन मिश्र के राज्यसभा के लिये निर्विरोध निर्वाचन की आज घोषणा की जाएगी। उप चुनाव के लिए आज नाम वापसी की अंतिम तिथि है। गौरतलब है कि इन दोनों सीटों के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। राजद की मीसा भारती और भाजपा के विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ये दोनों सीटें खाली हुई हैं।

———————————————————

भारतीय जनता पार्टी दो सितम्बर से देशभर में सदस्यता अभियान की शुरूआत करेगी। भाजपा के महासचिव विनोद तावड़े ने नई दिल्ली में यह जानकारी देते हुए कहा कि मौजूदा सभी सदस्यों को अपनी सदस्यता नवीनीकृत कराने की आवश्यकता होगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो सितम्बर को पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा से अपनी सदस्यता प्राप्त करेंगे। इसके बाद पूरे देश में सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी। श्री तावड़े ने बताया कि भाजपा के संविधान के अनुसार प्रत्येक पांच से छह वर्ष में नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस सदस्यता अभियान का पहला चरण पच्चीस सितम्बर को सम्पन्न होगा।

———————————————————

मौसम विभाग ने अगले दो से तीन घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, लखीसराय, मुंगेर, बांका, सहरसा, दरभंगा और मधुबनी जिले के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ वज्रपात और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की गयी है।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में मॉनसून की गतिविधियां सामन्य रही हैं। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई और नालंदा जिलों में कई स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। वहीं, नवादा, गया, अरवल, औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में विभिन्न स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। जमुई के खैरा में सबसे अधिक बहत्तर मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। विभाग ने अपने

पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद, गया, रोहतास और नवादा जिलों में कई स्थानों पर भारी वर्षा की सम्भावना है।

———————————————————————

नेपाल के तरायी वाले क्षेत्रों और प्रदेश के दक्षिण—पश्चिम भागों में बारिश के कारण गंगा, सोन, पुनपुन, घाघरा, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी समेत विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी का जलस्तर बक्सर और पटना के दीघा घाट में बढ़ रहा है। वहीं, पटना के गांधीघाट, हाथीदह, भागलुपर और कहलगांव समेत विभिन्न स्थानों पर लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। सोन नदी का जलस्तर रोहतास के इंद्रपुरी, भोजपुर के कोईलवर और पटना के मनेर में लगातार बढ़ रहा है। इधर, घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली में खतरे के निशान से लगभग एक मीटर ऊपर दर्ज किया गया। बूढ़ी गंडक नदी समस्तीपुर और खगड़िया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बागमती नदी के जलस्तर में मुजफ्फरपुर के बेनीबाद, सीतामढ़ी के ढ़ेंगब्रीज और रून्नीसैदपुर में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। वहीं, कोसी नदी खगड़ियाके बलतारा और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से ऊपर बह रही है।

———————————————————————

गंगा, कोसी, महानंदा समेत विभिन्न नदियों में उफान से खगड़िया, मुंगेर, भागलपुर और कटिहार जिले के कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। कई स्थानों पर सड़कों पर पानी फैल जाने से आवागमन बाधित हो गया है। मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड के कई पंचायतों में बाढ़ का पानी घुस जाने से लोग ऊंचे स्थानों पर शरण लिये हुये हैं। इस बीच, प्रशासन ने बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पॉलिथीन शीट और अन्य सामग्रियों को विरण किया है। इधर, गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के मद्देनजर पटना जिला प्रशासन ने नदी के तटीय क्षेत्रों और दियारा इलाकों में स्कूलों को इकतीस अगस्त तक बंद करने के निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

पैरालिम्पिक्स खेलों की कल से पेरिस में शुरूआत हो रही है। भारतीय पैरा एथलीटों का चौरासी सदस्यीय दल इन खेलों में एक अभूतपूर्व स्पर्धा में भागीदारी करने के लिए तैयार है। पैरालिम्पिक्स में भारत का यह अब तक का सबसे बड़ा दल है। दो हजार इक्कीस के तोक्यो पैरालिम्पिक्स में भारत पांच स्वर्ण सहित उन्नीस पदक जीतकर रैकिंग में चौबीसवें स्थान पर रहा था।

———————————————————————